|| ज्ञानं परम बलम् ||

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय, खरौद

## जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय
ज्ञानं परम बलम्
खरौद, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

स्थापना वर्ष अगस्त 1965




# विवरण पुस्तिका

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय, खरौद

## के नवीन भवन में आपका स्वागत है...

## आवश्यक सूचनाएँ

1. नियमित प्रवेश छात्र/छात्राएं प्राचार्य/कार्यालय द्वारा जारी फोटो परिचय पत्र साथ में अवश्य रखें तथा साथ में लेकर ही महाविद्यालय आवें।

2. महाविद्यालय का नवीन भवन आपका अपना है, अत: इसके किसी भी भाग को क्षति पहुंचाना या गंदा करना अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

3. नवीन भवन में छात्र तथा छात्राओं के लिए अलग–अलग प्रसाधन कक्ष बनाए गये हैं तदानुसार ही उपयोग करें तथा प्रसाधन कक्षों को गंदा होने न दें।

4. महाविद्यालय में दिनांक 12 अक्टूबर 2005 से सूचना का अधिकार अधिनियम लागू है इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राचार्य और मुख्य लिपिक से प्राप्त कर तदानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है।

5. महाविद्यालय में लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 लागू है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

6. छात्र–छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे महाविद्यालय आने के तुरंत बाद एवं महाविद्यालय से प्रस्थान करने के पूर्व सूचना पटल का अवलोकन आवश्यक रूप से करेंगे।



# प्राचार्य की कलम से...

शिक्षा सत्र 2015-16 में विगत 02 जनवरी 2016 को शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती का उत्सव आयोजित किया। अनेक उतार चढ़ाओं के बीच आज महाविद्यालय ने स्वर्णिम शिखर को स्पर्श किया है तथा अपनी गौरव गरिमा को बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की है, जिसमें इस क्षेत्र के होनहार छात्र-छात्राओं, सम्माननीय पालकों, स्थानीय प्रबुद्धों, प्रतिष्ठित जनों, महाविद्यालय के गुरुजनों एवं कार्यालयीन कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा है। इन सभी के योगदान से यह महाविद्यालय आज बहुत कुछ फूला-फला है।

वस्तुतः विगत 50 वर्षों से यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रकाश स्तंभ की तरह काम करते आया है। वर्तमान में इस महाविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विषयों में प्रवेश देने के लिए शासन द्वारा 1570 सीट स्वीकृत है तथा गत शिक्षा सत्र में महाविद्यालय को प्रवेश हेतु प्राप्त 2535 प्रवेश आवेदन पत्रों में से 1182 आवेदन पत्र स्वीकृत हुए थे और इतने ही छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हुआ था। शिक्षा सत्र 2014-15 का वार्षिक परीक्षा परिणाम हमने 76.83 प्रतिशत दिया था जो कि उल्लेखनीय है।

महाविद्यालय उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है। शिक्षा सत्र 2015-16 में महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों / कक्षों में कुल 18 नग सी.सी. टी.वी. कैमरे लगाये जा चुके हैं। छात्रों की मांग पर केन्टीन भवन के पास प्रतीक्षा शेड का निर्माण कराया जा चुका है। केन्टीन की सुविधा भी छात्र-छात्राओं को मिलने लगी है। दो वाटर कूलर लगाये गये हैं। भारत स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय को भी स्वच्छ रखने की ओर सबका ध्यान है। यहाँ की रा.से.यो. इकाई के छात्र-छात्राएँ अत्यंत जागरुक रहकर राष्ट्र सेवा में योगदान कर रहे हैं तथा ग्रीन केम्पस को सार्थक कर रहे हैं।

हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में और अधिक बेहतरी के लिए छत्तीसगढ़ शासन, जनभागीदारी समिति निधि तथा यू.जी.सी. से प्राप्त होने वाली सहायता राशियों से महाविद्यालय के सभी जन मिलकर काम करते रहेंगे।

महाविद्यालय मुख्य रुप से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्र-जगत के समग्र विकास के लिए एक संस्था के रुप में कार्य करता है। इस महाविद्यालय में भी छात्रों के समग्र विकास के लिए महाविद्यालय परिवार का महती योगदान रहा है। यह महाविद्यालय अपने प्रारंभिक काल से अनुशासन का कायल रहा है। आज भी यहाँ का अनुशासन सभी को भाता है। हमारी कोशिश होगी कि इस अनुशासन को कायम रखते हुए छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए हम सभी सदैव तत्पर रहें। हमारे छात्र यह चिंतन करते रहें कि -

छोटी सी मंजिल पर आऊँ, है अपनी चाह नहीं।
हमें जाना है उस मंजिल तक, जिसके आगे राह नहीं।

अंत में, इस महाविद्यालय में प्रवेश पाने वाले सभी छात्र-छात्राएँ माँ भारती की कृपा से विश्व प्रसिद्धि प्राप्त छात्र-छात्राओं की श्रेणी में अपना स्थान बनाते हुए महाविद्यालय का नाम रौशन करें। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ!

डॉ. ए.आर. बंजारे
प्राचार्य
शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय, खरौद
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय, खरौद

## के नवीन भवन में आपका स्वागत है...

## नागरिक अधिकार पत्र

छत्तीसगढ़ अंचल के पूर्व में बिलासपुर एवं वर्तमान में जांजगीर–चांपा जिले में चित्रोत्पला महानदी मे तट पर अंचल के छात्रों के लिए शिक्षा हेतु यह महाविद्यालय एक प्रकाश स्तंभ है। इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1965 में की गई। पूर्व में यह लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय के रूप में प्रसिद्ध हुआ। सन् 1981 में इसका शासन द्वारा अधिग्रहण किया गया। यू.जी.सी. के अनुदान से पोषित यह महाविद्यालय क्षेत्र के लिए वरदान स्वरूप है। कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकार में स्नातक स्तर तक एवं राजनीति शास्त्र, संस्कृत एवं अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्यापन अनुभवी व दक्ष प्राध्यापकों के द्वारा किया जाता है। अनुशासन एवं शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञान प्राप्त कर समाज सेवा में छात्रों को प्रोत्साहित करना ही प्रमुख लक्ष्य है। छात्रों से भी आदर्श व सदाचरण की आकांक्षा की जाती है।

वर्तमान में यह महाविद्यालय नवनिर्मित विशाल भवन में संचालित हो रहा जिसमें मूलभूत सुविधायें उपलब्ध है। वर्तमान सत्र में ही केंटीन सुविधा भी उपलब्ध हो जायेगी। इस महाविद्यालय से संबंद्ध विविध जानकारी निम्नलिखित है –

1. *संस्था में पदस्थ प्राचार्य एवं कार्यालयीन समय –*

| | |
|---|---|
| **डॉ. ए. आर. बंजारे**<br>मो.नं. 9406034909 | **महाविद्यालय का कार्यालयीन समय**<br>सुबह 10.30 से सायं 5.30 बजे तक |

2. संस्था में पढ़ाए जाने वाले संकाय, विषय इत्यादि की कक्षावार समूहवार जानकारी।

महाविद्यालय में तीन संकाय हैं कला, वाणिज्य एवं विज्ञान। वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक एवं कला संकाय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित होती है।

* कला संकाय (स्नातक स्तर)

अनिवार्य विषय – आ.पा. (हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा), पर्यावरण अध्ययन, वैकल्पिक विषय – अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य अथवा संस्कृत साहित्य, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति एवं भूगोल।

* वाणिज्य संकाय (स्नातक स्तर)

सभी अनिवार्य विषय – बी.कॉम. भाग एक, दो एवं तीन

टीप : 1. दोनों संकाय के अनिवार्य विषय हिन्दी भाषा व अंग्रेजी भाषा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. पर्यावरण के फील्ड वर्क और सैद्धांतिक दोनों में अलग–अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

* विज्ञान संकाय (स्नातक स्तर – गणित एवं बायो ग्रुप)

सभी अनिवार्य विषय – बी.एस.सी भाग–एक, दो एवं तीन

टीप : 1. दोनों संकाय के अनिवार्य विषय हिन्दी भाषा व अंग्रेजी भाषा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. पर्यावरण के फील्ड वर्क और सैद्धांतिक दोनों में अलग–अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (केवल प्रथम वर्ष के लिए)

3. बायो ग्रप – रसायन शास्त्र, जंतु शास्त्र, वनस्पति विज्ञान

4. गणित ग्रप – रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित

* कला संकाय (स्नातकोत्तर स्तर)

राजनीति शास्त्र, संस्कृत व अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की शिक्षा दी जाती है।

टीप : स्नातकोत्तर स्तर के सभी प्रश्नपत्रों में 36–36 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

## 3. प्रत्येक कक्षाओं में प्रवेश उपलब्ध स्थानों की संख्यात्मक जानकारी

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कला संकाय** | बी.ए. भाग-एक | – | 180 सीट |
| | बी.ए. भाग-दो | – | 180 सीट |
| | बी.ए. भाग-तीन | – | 180 सीट |
| **वाणिज्य संकाय** | बी.कॉम. भाग-एक | – | 80 सीट |
| | बी.कॉम. भाग-दो | – | 80 सीट |
| | बी.कॉम. भाग-तीन | – | 80 सीट |
| **विज्ञान संकाय** | बी.एस-सी. भाग एक | – | 120+60 सीट |
| **(बायो/गणित)** | बी.एस-सी. भाग दो | – | 120+60 सीट |
| | बी.एस-सी. भाग तीन | – | 120+60 सीट |
| **कला संकाय** | एम.ए. पूर्व एवं अंतिम राजनीति | – | 40+40 सीट |
| (स्नातकोत्तर) | एम.ए. पूर्व एवं अंतिम अर्थशास्त्र | – | 40+40 सीट |
| | एम.ए.पूर्व एवं अंतिम संस्कृत | – | 45+45 सीट |

### विषय :-

1. राजनीति शास्त्र एवं हिन्दी साहित्य विषय में निर्धारित सीटें भरने पर प्रवेश नहीं दिया जाता।
2. विद्यार्थियों के ऐच्छिक विषयों में प्रवेश महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर तथा गुणानुक्रम में दिया जाता है।
3. बी.ए. भाग-दो एवं तीन में वही विषय लिए जा सकते हैं जो बी.ए. भाग-एक में लिया गया था।
4. स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए स्नातक स्तर पर प्राप्त अंकों के आधार पर छ.ग. शासन उच्च शिक्षा द्वारा प्रसारित प्रवेश नियमों के आधार पर प्रवेश दिया जाता है।

## 4. प्रवेश हेतु आरक्षित स्थानों की जानकारी :

शासन द्वारा निर्धारित प्रवेश नियमानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, विकलांग छात्रों एवं स्वतंत्रता संग्राम संबद्ध छात्रों को प्रवेश पात्रता में छूट स्वीकृत है, इस हेतु उन्हें यथानुसार प्रमाण-पत्र देना आवश्यक है।

**5. प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :**

स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश आवेदन पत्र विश्वविद्यालय निर्देशानुसार 01 जून से 17 जून 2017 तक सेतु पोर्टल में आनलाईन प्रवेश दिया जाना निर्धारित है। स्नातक की अन्य कक्षाओं एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर के परीक्षाफल घोषित होने के 15 दिनों तक स्वीकार किये जाते हैं।

**6. संस्था द्वारा निर्धारित फीस संबंधी जानकारी निम्नानुसार है –**

| कक्षा | शुल्क | ज.भा.समिति | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|
| बी.ए., बी.कॉम. भाग–1 | 560.00 | 300.00 | 990.00 |
| शासकीय | 130.00 | | |
| बी.एस.सी. भाग–1 | 570.00 | 300.00 | 1030.00 |
| शासकीय | 160.00 | | |
| बी.ए., बी.कॉम.भाग–2 व 3 | 450.00 | 300.00 | 880.00 |
| शासकीय | 130.00 | | |
| बी.एस.सी. भाग–2 एवं 3 | 460.00 | 300.00 | 920.00 |
| शासकीय | 160.00 | | |
| एम.ए. पूर्व | 555.00 | 300.00 | 995.00 |
| शासकीय | 140.00 | | |
| एम.ए.अंतिम वर्ष | 555.00 | 300.00 | 895.00 |
| शासकीय | 140.00 | | |

नोट : 1. शुल्क का निर्धारण शिक्षा सत्र 2013–14 तक के लिए था, शुल्क में वृद्धि होने पर तदानुसार शुल्क देय होगा।

2. स्नातक कक्षाओं में अजा/अजजा एवं छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस 115/– एवं स्नातकोत्तर में ट्यूशन फीस 135/– नहीं लगेगा।

3. भूगोल विषय नहीं लेने पर 10/– नहीं लगेगा।

## 7. संस्था में उपलब्ध पुस्तक सुविधाओं की जानकारी :-

विभिन्न विषयों में अध्यापन की सुविधायुक्त इस महाविद्यालय का पुस्तकालय भी अत्यंत समृद्ध एवं परिपुष्ट है। स्नातक/स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के अध्ययन हेतु अत्यंत प्रचुर मात्रा में पुस्तकें उपलब्ध है। महाविद्यालय ग्रंथालय में शासन तथा यू.जी.सी. मद से क्रय की गई पुस्तकों की संख्या लगभग 25000 बुक बैंक योजना (अजा/अजजा) व बी.पी.एल. पुस्तकों की संख्या मिलाकर कुल पुस्तकें 28000 है। नियमानुसार छात्रों को पुस्तकें प्रदान की जाती है। बुक बैंक योजना की भी सुव्यवस्था है।

नोट :- बी.पी.एल. कार्ड धारक छात्र/छात्राएँ नि:शुल्क पुस्तकें प्राप्त करने हेतु प्रवेश आवेदन फार्म के साथ बी.पी.एल. कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

## 8. यू.जी.सी. 11 वीं योजना में :-

यू.जी.सी. द्वारा 11 वीं पंचवर्षीय योजना के तहत पुस्तक हेतु रूपये 2 लाख एवं उपकरण हेतु 1 लाख प्राप्त हुआ और महाविद्यालय ग्रीन बोर्ड, प्रोजेक्टर, वाटरकूलर, इनवर्टर, आडियो, विडियो, जनरेटर, कम्प्यूटर्स, फोटोकॉपी एवं रेफ्रिजरेटर आदि उपकरणें से सुशोभित हो रहा है। 11 वीं पंचवर्षीय योजना में अजा/अजजा एवं अपिव/विकलांग/अल्पसंख्यक/आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के 100 विद्यार्थियों के लिए यू.जी.सी. छात्रवृत्ति प्रदान किया गया ताकि उनके शिक्षा स्तर में विकास हो। यू.जी.सी. ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षा सामग्री उपलब्ध है।

## यू.जी.सी. 12 वीं योजना में :-

12 वीं पंचवर्षीय योजना तहत 1 लाख रूपये की किताबें महाविद्यालय के लिए क्रय की गई है। इसी पंचवर्षीय योजना में महाविद्यालय गुणवत्ता के विकास हेतु यू.जी. सी. के निर्देश पर आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ (IQAC) की स्थापना की गई। इसी पंचवर्षीय योजना में यू.जी.सी. से प्राप्त अनुदान राशि की सहायता से कैंटिन भवन में जलप्रदाय व्यवस्था की गई।

## 9. संस्था में उपलब्ध खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित जानकारी :

छात्र/छात्राओं के शारीरिक, बौद्धिक विकास के लिए महाविद्यालय में सुफलित प्रोत्साहन दिया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा होने वाले जिला स्तर व संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं में छात्रों को भेजा जाता है। पिछले कई वर्षों से विश्वविद्यालय की टीमों में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व होता रहा है। युवा उत्सवों पर बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के पास खेलकूद के लिए मैदान उपलब्ध है।

## 10. छात्रावास संबंधी जानकारी : वर्तमान में छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

## 11. राष्ट्रीय सेवा योजना

रा.से.यो. की एक इकाई महाविद्यालय में कार्यरत है जिसमें 100 छात्र/छात्राओं के लिए स्थान निर्धारित है। वर्तमान में लगभग 300 छात्र/छात्राएं पंजीकृत है। इन स्वयं सेवकों का सांस्कृतिक, बौद्धिक, खेल, साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है तथा इनमें से ही जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय, विश्वविद्यालय स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर तथा गणतंत्र दिवस में भी शिविर में चयन किया जाता है। योग्य छात्रों को बी एवं सी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। रा.से.यो. में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। महाविद्यालय में 14 अगस्त तक अनिवार्य रूप से अपना नाम पंजीकृत करा लेवें। महाविद्यालय में हरियर छत्तीसगढ़ योजनान्तर्गत प्रत्येक सत्र में औषधियुक्त व पर्यावरण हितैषी पौधे रोपे जा रहे हैं। विगत सत्रों में नीम पथ के लिए 100 पौधे रोपे गए थे जिनका विकास लगातार जारी है।

## 12. महाविद्यालय में शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्वीकृत पदों की जानकारी –

### शैक्षणिक पद

| क्र. | पदनाम | स्वीकृत | भरे पद | रिक्त पद | अतिशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 01 | 01 | – | |
| 2. | प्राध्यापक | 03 | – | 03 | |
| 3. | सहायक प्राध्यापक | 16 | 07 | 09 | |

### अशैक्षणिक पद

| क्र. | पदनाम | स्वीकृत | भरे पद | रिक्त पद | अतिशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्रंथपाल | 01 | – | 01 | – |
| 2. | क्रीड़ाधिकारी | 01 | – | 01 | – |
| 3. | उ.श्रे. लिपिक | 01 | – | 01 | – |
| 4. | नि. श्रे. लिपिक | 02 | 01 | 01 | – |
| 5. | प्र.शा.तक. | 03 | 03 | – | – |
| 6. | प्र.शा.परिचा. | 04 | 02 | 02 | – |
| 7. | भृत्य | 02 | 01 | 01 | – |
| 8. | चौकीदार | 01 | 01 | – | – |
| 9. | फर्राश | 01 | – | 01 | – |
| 10. | बुक लिफ्टर | 01 | – | 01 | – |

## 13. संस्था में गठित विभिन्न समितियों की जानकारी :

संस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए विशेष समितियों को गठन किया जाता है, जो अपना कार्य प्राचार्य के सहयोग एवं परामर्श से करती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | समिति का नाम | | समिति के संयोजक |
|---|---|---|---|
| 1. | छात्र संघ प्रभारी | - | डॉ. सुनीता राठौर |
| 2. | छात्र सहायता निधि समिति | - | प्रो. आर.के. सिंह |
| 3. | क्रय समिति | - | प्रो. आर. के. सिंह |
| 4. | क्रीड़ा समिति | - | प्रो. जी.सी. भारद्वाज |
| 5. | अजा/अजजा कल्याण समिति | - | प्रो. जी.सी. भारद्वाज |
| 6. | यू.जी.सी. समिति | - | प्रो. जी.सी. भारद्वाज |
| 7. | सम्मिलित निधि समिति | - | डॉ. सुनीता राठौर |
| 8. | चुनाव/नामांकन समिति | - | डॉ. सी.बी. खूंटे |
| 9. | अनुशासन समिति | - | प्राचार्य एवं स्टॉफ |
| 10. | सांस्कृतिक गतिविधि समिति | - | डॉ. सुनीता राठौर |
| 11. | साहित्यिक गतिविधि समिति | - | डॉ. सुनीता राठौर |
| 12. | टाइम टेबल समिति | - | डॉ. एस.के. कश्यप |
| 13. | संविदा नियुक्ति समिति | - | प्रो. जी.एन. भतपरे |
| 14. | शिकायत निवारण एवं अन्य समिति | - | प्रो. आर.के. सिंह |
| 15. | सामान्य प्रशासन | - | प्रो. आर.के. सिंह |
| 16. | प्रशासकीय अधिकारी | - | प्रो. जी.एन. भतपरे |
| 17. | राष्ट्रीय सेवा योजना | - | डॉ. बी.सी. खूंटे |
| 18. | जनभागीदारी प्रबंधन समिति | - | डॉ. एस.के. कश्यप |
| 19. | एंटी रेगिंग समिति एवं स्क्वाड | - | प्रो. जी.एन. भतपरे |
| 20. | बिल्डिंग समिति | - | डॉ. ए.आर. बंजारे, प्राचार्य |
| 21. | प्लानिंग बोर्ड को गठन | - | प्रो. जे.एन.भतपरे |
| 22. | स्व-मूल्यांकन समिति | - | डॉ. सी.बी. खूंटे |
| 23. | आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ | - | प्रो. जी.सी. भारद्वाज |
| 24. | काउन्सीलिंग एण्ड केम्पस प्लेसमेंट | - | प्रो. आर.के.सिंह |
| 25. | साफ-सफाई/निगरानी समिति | - | प्रो. जी.सी. भारद्वाज |
| 26. | काउन्सीलिंग एण्ड गाइडेन्स सेंटर समिति | - | प्रो. जी.एन. भतपरे |

# कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों की सूची

## शैक्षणिक स्टॉफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. आर.के. सिंह | सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य |
| 2. | डॉ. स्मिता अवस्थी | सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी |
| 3. | प्रो. जी.एन. भतपरे | सहायक प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र |
| 4. | डॉ. सी.बी. खूंटे | सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र |
| 5. | प्रो. जी.सी. भारद्वाज | सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र |
| 6. | डॉ. सुनीता राठौर | सहायक प्राध्यापक, हिन्दी |
| 7. | डॉ. एस.के. कश्यप | सहायक प्राध्यापक, हिन्दी |

## अशैक्षणिक स्टॉफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रदीप कुमार साहू | निम्न श्रेणी लिपिक |
| 2. | श्री आर. के. स्वर्णकार | प्रयोगशाला तकनीशियन |
| 3. | श्री बी. के. पन्ना | प्रयोगशाला तकनीशियन |
| 4. | श्री अशोक कुमार उपाध्याय | प्रयोगशाला तकनीशियन |
| 5. | श्री एस. के. वर्मा | प्रयोगशाला परिचारक |
| 6. | श्री तुमन लाल साहू | प्रयोगशाला परिचारक |
| 7. | श्री एस. के. श्रीवास | भृत्य |
| 8. | श्री ए.के.सिंह क्षत्रीय | चौकीदार |
| 9. | श्री राजेश कुमार साहू | कम्प्यूटर ऑपरेटर (ज.भा.) |
| 10. | श्री भुपेन्द्र कुमार यादव | कार्यालय सहायक (ज.भा.) |

कार्यालय प्राचार्य

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद, जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

## प्रवेश शुल्क – 2016

| स. क्र. | शुल्क विवरण | बी.एस.सी. भाग-एक | बी.ए. भाग-एक | बी.कॉम. भाग-एक | बी.एस.सी. भाग-दो एवं तीन | बी.ए. भाग-दो एवं तीन | बी.कॉम. भाग-दो एवं तीन | एम.ए. पूर्व | एम. ए. अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **शासकीय** | | | | | | | | |
| 1. | प्रायोगिक शुल्क | 20 | 10 | 0 | 20 | 10 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | स्टेशनरी शुल्क | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3. | प्रवेश शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4. | शिक्षण शुल्क | 135 | 115 | 115 | 135 | 115 | 115 | 135 | 135 |
| | योग – | 160 | 130 | 120 | 160 | 130 | 120 | 140 | 140 |
| | **अशासकीय** | | | | | | | | |
| 1. | अवधान राशि | 60 | 60 | 60 | 0 | 0 | 0 | 100 | 0 |
| 2. | विकास शुल्क | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| 3. | अमलगमेटेड शुल्क | 34 | 34 | 34 | 34 | 34 | 34 | 34 | 34 |
| 4. | छात्र संघ | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 5. | परिचय पत्र शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 6. | छात्र निर्धन कल्याण शुल्क | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 7. | स्नेह सम्मेलन | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 | 25 |
| 8. | चिकित्सा शुल्क | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 9. | वाचनालय शुल्क | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| 10. | विभागीय शुल्क | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 15 | 15 |
| 11. | सुरक्षा बीमा योजना | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| | योग – | 263 | 263 | 263 | 203 | 203 | 203 | 318 | 218 |
| | **विश्वविद्यालयीन शुल्क** | | | | | | | | |
| 1. | शारीरिक कल्याण शुल्क | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 |
| 2. | नामांकन शुल्क | 100 | 100 | 100 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | वि.वि. छात्र संघ शुल्क | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 4. | वि.वि. पुस्तकालय शुल्क | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| 5. | वि.वि. छात्र कल्याण शुल्क | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 6. | अन्य शुल्क इकाई मूल्यांकन शुल्क | 76 | 66 | 56 | 76 | 66 | 56 | 56 | 56 |
| | योग – | 357 | 347 | 337 | 257 | 247 | 237 | 237 | 237 |
| | जनभागीदारी शुल्क | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 |
| | महायोग | 1080 | 1040 | 1020 | 920 | 880 | 860 | 995 | 895 |

★ 300.00 रुपये अप्रवासन शुल्क छत्तीसगढ़ के बाहर विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड के विद्यार्थियों के लिये अतिरिक्त देय होगा।

★ बी.ए. एवं बी.कॉम. के ज.जा./अ.ज.जा. एवं समस्त छात्रा वर्ग का शिक्षण शुल्क 115 रु. माफ रहेगा।

★ बी.एस-सी. एवं एम.ए. के अ.जा./अ.ज.जा. एवं समस्त छात्रा वर्ग का शिक्षण शुल्क 135 रु. माफ रहेगा।

(डॉ. ए.आर.बंजारे)
प्राचार्य
शास. लक्ष्मणेश्वर महाविद्याल खरौद
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

प्रवेश प्रभारी लिपिक